कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज।

सूचना

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में जनपद महराजगंज में पराविधिक स्वयं सेवकों (पी0एल0वी0) के 07 पदों पर पराविधिक स्वयं सेवकों की आबद्धता की जानी है। आबद्धता के लिये निम्नलिखित पात्रता होनी चाहिए:-

1- आवेदक भारत का नागरिक हो।

2- आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम न हो।

3- न्यूनतम अर्हता कक्षा-10 उत्तीर्ण हो। ऐसे व्यक्ति जो कम्प्यूटर संचालन में योग्य हो, उनके पास व्यक्तिगत मोबाइल/स्मार्ट फोन की सुविधा हो, को वरीयता दी जायेगी।

4- पराविधिक स्वयं सेवकों का आबंधन कार्यकाल 01 वर्ष का होगा। प्रतिकूल आचरण पर 01 वर्ष से पहले भी बिना नोटिस के हटाया जा सकता है।

5- पराविधिक स्वयं सेवकों के पद पर आबद्धता शासकीय सेवा में आबद्धता नही मानी जायेगी और वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज से मात्र आबद्धता के आधार पर सम्बद्ध रहेंगे।

6- पराविधिक स्वयं सेवक को निम्न में से किसी योग्यताधारक के रूप में आवेदन कर सकता है-

(a)- किसी भी सरकारी अथवा प्राइवेट स्कूल और कालेज में कार्यरत सेवानिवृत्त अध्यापक या लेक्चरर।

(b)- आंगनबाड़ी कार्यकर्ती/कार्यकर्ता/आशाबहू, शिक्षामित्र, सोशल सर्विसेज एवं ह्यूमेनिटीज के विद्यार्थी जो स्नातक या परास्नातक कर रहे हो।

(c)- सरकारी अथवा प्राइवेट डाक्टर/सरकारी कर्मचारी/किसी भी विभाग के फील्ड आफिसर।

(d)- गैर राजनीतिक अथवा प्राइवेट संस्थान/एन0जी0ओ0 के सदस्य/वालन्टियर व सामाजिक कार्यकर्ता।

(e)- को-आपरेटिव सोसाइटी के सदस्य/ट्रेड यूनियन के सदस्य आदि।

(f)- विधि की छात्र/छात्राएं जो शिक्षारत हो एवं अधिवक्ता के रूप में जब तक पंजीकरण न हुआ हो।

7- मुख्यालय तथा तहसील स्तर पर संयुक्त रूप कुल 07 पराविधिक स्वयं सेवको को चयनित किया जायेगा।

8- चयनित पराविधिक स्वयंसेवक को आबंधन काल में प्रत्येक माह में अधिकतम 20 दिन का कार्य करना होगा।

पराविधिक स्वयं सेवक के रूप में कार्य करने के इच्छुक उपरोक्त योग्यता धारक, दिनांक-02.02.2026 को सायं 04:00 बजे तक अपना आवेदन नियत प्रारूप पर स्पष्ट शब्दों में भर कर शैक्षिक एवं अनुभव प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति सहित कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज में प्रस्तुत कर सकते है। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि पराविधिक स्तयंसेवकों को स्वेच्छा से किये गये कार्य के एवज में किसी भी प्रकार का कोई मानदेय नही दिया जायेग। प्राधिकरण के निर्देशानुसार कार्य किये जाने एवं उसकी आख्या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज के समक्ष प्रस्तुत करने एवं उक्त कार्य की जांच होने एवं प्राधिकरण द्वारा कार्य से संतुष्ट होने के पश्चात् प्रतिदिन किये गये संतोषजनक कार्य के एवज में माननीय उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्रांक संख्या- 2669/ एसएलएसए-55/10 दिनांकित 25 अगस्त, 2025 के निर्देशानुसार निर्धारित मानदेय रूपये - 750.00 (सात सौ पचास रूपये मात्र) एवं रूपये-150.00 प्रतिदिन यात्रा भत्ता/ मार्ग व्यय(यदि उनके द्वारा वास्तविकता में व्यय किया गया है) देय होगा। अभ्यर्थियों का आबंधन हेतु चयन साक्षात्कार के द्वारा किया जायेगा।

साक्षात्कार के तिथि की सूचना पृथक से दी जाएगी। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। अन्य कोई विशेष जानकारी कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज से प्राप्त की जा सकती है।

दिनांक-23.01.2026

संलग्नक-निर्धारित प्रारूप।

23/01/2026

(सुनील कुमार नागर)
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
महराजगंज।

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
दीवानी न्यायालय परिसर महराजगंज

प्रतिलिपि-

1. नोडल अधिकारी कम्प्यूटर्स को सादरसूचनार्थ एवं बेवसाइट पर अपलोड कराये जाने के संबंध में।
2. जिला सूचनाधिकारी, महराजगंज को दैनिक समाचार पत्रों में आवश्यक रूप से प्रकाशन हेतु।
3. प्रशासनिक कार्यालय, जनपद न्यायालय, महराजगंज को नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराये जाने हेतु।
4. जिला बार एसोसिएशन को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
5. नजारत अनुभाग को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
6. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
7. कलेक्ट्रेट, महराजगंज के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
8. समस्त तहसीलदार/सचिव तहसील विधिक सेवा समिति को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
9. N.I.C. महराजगंज।

23/01/2026

(सुनील कुमार नागर)
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
महराजगंज।

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
दीवानी न्यायालय परिसर महराजगंज

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज।

PLVs/अधिकार मित्र का आबद्धता के आधार पर चयन हेतु आवेदन पत्र

नवीनतम
व
स्वाप्रमाणित
फोटोग्राफ

1) नामः–.....

2) पिता/पति का नामः–.....

3) श्रेणीः–.....

4) जन्म तिथिः–.....

5) दिनांक 23.01.2026 को आयु.....वर्ष.....माह..... दिन.....

6) राष्ट्रीयताः–.....

7) वैवाहिक प्रास्थितिः–.....

8) अस्थाई/पत्राचार हेतु पता.....

.....

9) स्थाई पताः–.....

.....

10) मोबाइल नम्बर/टेलीफोन नम्बरः–.....

11) शैक्षिक योग्यताः–.....

क्रं0सं0	उत्तीर्ण परीक्षा	वर्ष	अनुक्रमांक	प्रतिशत	श्रेणी

12) विशेष अनुभव यदि होः–.....

13) क्या आपके विरूद्व कोई मामला किसी न्यायालय में लंबित है, अथवा आप पक्षकार हैं, यदि हां तो विस्तृत विवरण .....

14) किसी राजनीतिक पार्टी से संबंध हैं अथवा नहीं ?.....

घोषणा

मैं सशपथ घोषणा करता/करती हूॅ कि मेरे द्वारा उपरोक्त दी गई जानकारी सत्य है, को ई तथ्य छिपाया नहीं गया है, यदि कोई तथ्य असत्य पाया जाता है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा, ऐसी स्थिति में मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाता है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। मैं यह भी घोषणा करता/करती हॅू कि पराविधिक स्वयं सेवक के रूप में स्वेच्छा से कार्य करना चाहता/चाहती हॅू। मैं प्राधिकरण के निर्देशानुसार ही बिना किसी त्रुटि के साथ अनुपालन एवं कार्य करूॅगा/करूॅगी।

दिनांकः–

हस्ताक्षरः–
नामः–
पताः–

नोटः–उपरोक्त भरी गयी प्रविष्टियों से संबधित अभिलेखों/प्रपत्रों की प्रमाणित प्रतियां भी संलग्न करें।